# राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र, राणी, गुवाहाटी में हिंदी पखवाड़ा-2022 का आयोजन

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र, राणी, गुवाहाटी में 14 सितम्बर 2022 से 29 सितम्बर 2022 तक हिंदी पखवाड़ा 2022 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में दिनांक 14.09.2022 को सूरत में किया गया। केंद्र में हिंदी पखवाडा का शुभारम्भ 16/09/2022 से श्रुतिलेख प्रतियोगिता से हुआ। प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं वैज्ञानिक, डॉ सतीश कुमार ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगितायों एवं कार्यक्रमों के बार में सभी को जानकारी दी तथा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री, भारत सरकार, श्री कैलाश चौधरी जी का शुभकामना सन्देश पढ़ कर सुनाया गया।

## हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम का आयोजन किया गया

| दिनांक | कार्यक्रम | कार्यक्रम समन्वयक |
|---|---|---|
| 16/09/2022 | श्रुतिलेख प्रतियोगिता<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: संध्या 4.00 बजे | डॉ सतीश कुमार |
| 17/09/2022 | बाल काव्य पाठ प्रतियोगिता<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: संध्या 4.00 बजे | श्री उत्तम प्रकाश |
| 19/09/2022 | समयस्फूर्त भाषण (Extempore) प्रतियोगिता<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: संध्या 4.00 बजे | डॉ सौविक पॉल |
| 20/09/2022 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: संध्या 4.00 बजे | डॉ कल्याण डे |
| 21/09/2022 | विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता<br>स्थान: राणी हाईस्कूल समय: पूर्वाहन 11.00 बजे | डॉ सुनील कुमार |
| 22/09/2022 | हिंदी कार्यशाला: 1 (हिंदी टिप्पणी लेखन एवं हिन्दी पत्राचार)<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: संध्या 3.00 बजे | डॉ जया एवं डॉ सतीश कुमार |
| 23/09/2022 | विद्यार्थियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता<br>स्थान: राणी हाईस्कूल, समय: पूर्वाहन 11.00 बजे | डॉ सुनील कुमार |
| 24/09/2022 | टंकण प्रतियोगिता (यूनिकोड से हिंदी टाइपिंग) गूगल फार्म से<br>समय: संध्या 3.00 बजे | डॉ सलाम जयचित्र देवी |
| 26/09/2022 | प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: संध्या 4.00 बजे | डॉ शांतनु बणिक |
| 27/09/2022 | हिन्दी कार्यशाला: 2<br>विशेष अतिथि: डॉ सचिन कुमार, प्रोफेसर, आईआईटी गुवाहाटी<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: पूर्वाहन 11.00 बजे | डॉ प्रणब ज्योति दास |
| 29/09/2022<br>11:00 बजे | हिन्दी कार्यशाला: 3 एवं समापन समारोह<br>विशेष अतिथि: श्री रविशंकर रवि, संपादक, दैनिक पूर्वोदय<br>स्थान: समिति कक्ष, समय: पूर्वाहन 11.00 बजे | डॉ सतीश कुमार |

राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र में विगत 15 दिनों (14-29 सितंबर 2022) से चल रही हिंदी पखवाड़ा का सफलतापूर्वक समापन दिनांक 29-09-2022 को किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि समाचारपत्र 'दैनिक पूर्वोदय' के संपादक श्री रविशंकर रवि जी थे। उन्होंने हिंदी भाषा के अधिक से अधिक प्रयोग पर बल दिया तथा हिन्दी भाषा में स्थानीय भाषाओं के प्रचलित शब्दों को समाहित करने का सुझाव दिया ताकि हिन्दी को सभी लोगों के बीच लोकप्रियता मिल सके I उन्होंने शोध परिणामों को भी हिन्दी

या स्थानीय भाषा में प्रकाशित करने का सुझाव दिया। संस्थान के निदेशक डा. विवेक कुमार गुप्ता ने हिंदी का प्रयोग सिर्फ हिन्दी पखवाड़ा तक सीमित न रखकर उसे वर्ष भर प्रयोग करने का सुझाव दिया, जिससे हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रसार एवं प्रचार हो सके। उन्होंने हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन के लिए आयोजन समिति के प्रयास की सराहना भी की एवं इसे और बढ़ चढ़ आयोजित करने का सुझाव दिया। संस्थान के प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं वैज्ञानिक डा. सतीश कुमार ने हिंदी पखवाड़ा के आयोजन का उद्देश्य हिंदी का अधिक उपयोग कर राजभाषा का विकास करना बताया तथा हिन्दी भाषा को देश के हर भाग से संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण जरिया बताया। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया एवं राजभाषा के विकास में योगदान देने के लिए सभी को प्रेरित किया। हिंदी पखवाड़ा में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी श्रुति लेखन, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, समय स्फूर्त भाषण एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी शामिल थे। इसके अलावा तीन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यशाला में डॉ जया एवं डॉ सतीश कुमार द्वारा हिंदी वर्णमाला, कार्यालय आवेदन पत्रों के प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि की जानकारी दी गई। दूसरे कार्यशाला के विशेष अतिथि डॉ सचिन कुमार, प्रोफेसर, आईआईटी गुवाहाटी ने वैज्ञानिक विषय पर हिन्दी में व्याख्यान प्रस्तुत किया। तीसरे कार्यशाला में विशेष अतिथि श्री रविशंकर रवि, संपादक, दैनिक पूर्वोदय ने अपनी हिन्दी की यात्रा एवं असमिया भाषा के साथ हिन्दी के सामंजस्य के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया। संस्थान के निदेशक महोदय ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वर्ष भर हिन्दी में कार्य करने के लिए विशेष पुरस्कार योजना के तहत संस्थान से दो कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन डॉ सौविक पॉल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।





**श्रुतिलेखन प्रतियोगिता**







**समय स्फूर्त भाषण प्रतियोगिता**






निबंध प्रतियोगिता







राजभाषा कार्यशाला का आयोजन





राजभाषा कार्यशाला का आयोजन






प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




हिंदी कार्यशाला 3 का आयोजन



पुरस्कार वितरण कार्यक्रम



विजेताओं के साथ निदेशक

**दैनिक पूर्वोदय**

# राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र में मना हिंदी पखवाड़ा




▲ **पूर्वोदय संवाददाता**

**गुवाहाटी, 1 अक्टूबर।** राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र में विगत 15 दिनों (14-29 सितंबर) से चल रहे हिंदी पखवाड़ा का समापन गत 29 सितंबर को किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे दैनिक पूर्वोदय के संपादक रविशंकर रवि। उन्होंने हिंदी भाषा के अधिक से अधिक प्रयोग पर बल दिया तथा हिंदी भाषा में स्थानीय भाषाओं के प्रचलित शब्दों को समाहित करने का सुझाव दिया ताकि हिंदी को सभी लोगों के बीच लोकप्रियता मिल सके। उन्होंने शोध परिणामों को भी हिंदी या स्थानीय भाषा में प्रकाशित करने का सुझाव दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक कुमार गुप्ता ने हिंदी का प्रयोग सिर्फ हिन्दी पखवाड़ा तक सीमित न रखकर उसे वर्ष भर प्रयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयास की सराहना भी की एवं इसे और बढ़ चढ़ आयोजित करने का सुझाव दिया। संस्थान के प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं वैज्ञानिक डॉ. सतीश कुमार ने हिंदी पखवाड़ा के आयोजन का उद्देश्य हिंदी का अधिक उपयोग कर राजभाषा का विकास करना बताया।

हिंदी पखवाड़ा में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी श्रुति लेखन, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, समय स्फूर्त भाषण एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी शामिल थी।

संस्थान के कार्यक्रम को दैनिक पूर्वोदय समाचार पत्र ने प्रकाशित किया